# प्रत्येक सोमवार को जोन में नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी पांचो जोन में नवीन राशनकार्ड प्रत्येक सोमवार को कापरेटिव दुकान के संचालको एवं निगम कर्मचारियो द्वारा वितरित किया जा रहा है। इससे स्थानीय वार्ड के राशन कार्डधारियो को फायदा हो रहा है। सभी लोग आवश्यकतानुसार आकर जोन कार्यालय से नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर रहे है। यह शिविर सुबह 11 से 4 बजे तक लगाया जा रहा है। जिसमें हितग्राही अपने पुराने राशन कार्ड को लाकर नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर रहे है। निगम क्षेत्र में कुल 172 शासकीय राशन दुकान संचालित हो रही है। निगम भिलाई क्षेत्र में कुल राशन कार्डधारियो की संख्या 88065 है, जिसमे से 49101 नवीन राशन कार्ड वितरण किया जा चुका है 38964 राशन कार्ड वितरण हेतु शेष है। सभी राशन दुकानों में नवीन राशन कार्ड बनाकर रखा गया है, बहुत से हितग्राही अपना नवीन राशन कार्ड नही ले गये है। उनकी सुविधा के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रत्येक सोमवार को निर्धारित समय पर राशन कार्ड वितरित करने का शिविर जोन कार्यालय में निर्देशित किये थे। इसी के परिपेक्ष्य में राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है, जिसका लाभ राशन कार्डधारी उठा रहे है। सभी राशन कार्डधारियो को अपना पुराना राशनकार्ड नवीनीकरण कराना आवश्यक है। बाद में पुराने राशन कार्ड पर राशन मिलना बंद हो सकता है। शासन द्वारा यह सुविधा दी गई है कि हितग्राही अपनी सुविधा अनुसार किसी भी सरकारी राशन दुकान से राशन प्राप्त कर सकता है। लेकिन उसे अपना नवीन राशन कार्ड लेने के लिए अपने पुराने शासकीय राशन दुकान पर जाना आवश्यक है। वहीं से नवीन राशन कार्ड प्राप्त होगा। एक बार प्राप्त हो जाने के बाद फिर किसी भी राशन दुकान से अपनी सुविधा अनुसार राशन प्राप्त कर सकते है।